छात्रों ने जाने साइबर सुरक्षा के उपाय

'संकल्प' अभियान की 89 वीं कार्यशाला आयोजित

इंदौर (आरएनएन)। कॉलेज छात्र-छात्राओं को सायबर क्राइम से बचाने एवं जागरूक बनाने की दिशा में संचालित 'संकल्प' अभियान के तहत 89वीं कार्यशाला काआयोजन महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साईसेस, में किया गया। इसमें कालेज के लगभग 146 छात्र-छात्राओं एवं 27 फेकल्टी मेंबर्स को प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीटीआरएस) आईजी वरूण कपूर द्वारा कार्यशाला में पुलिस की कार्यप्रणाली, अपराध एवं उनके अनुसंधान आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज छात्रगण विषय-वस्तु के संबंध में जो प्रथम वर्ष में अध्ययन करते है वह तीसरे अथवा चौथे वर्ष तक पहुंचते पहुंचते टेक्नॉलॉजी में परिवर्तन होने के कारण बदल जाती है, इस द्रुतगति से हो रहे बदलाव से अपने आपको अपडेट रखने के लिए और नई टेक्नॉलॉजी से होने वाले दुष्परिणामों से बचने के लिये जागरूक होना नितांत आवश्यक है। नार्टन कंपनी द्वारा किए गए विश्वभर के साइबर क्राइम के सर्वे की जानकारी देते हुए श्री कपूर ने बताया कि सायबर अपराध में लगभग 40 प्रतिशत भागीदारी विद्यार्थियों की है। अतः जागरूकता ही बचने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है । कार्यशाला में पीटीआरएस एसपी सुदीप गोयनका ने आईटी एक्ट एवं सुरक्षित पासवर्ड बनाने आदि के बारे में जानकारी दी। आईजी श्री कपूर द्वारा कालेज के दो सक्रिय छात्र रोहित कन्नौजिया एवं अंकित खंडेलवाल को प्रमाण-पत्र प्रदान किएं ।